**गुरु नानक – सबद ३८**

**गिआन खंड महि गिआनु परचंडु ॥**

**जपु, गुरु नानक, गुरु ग्रंथ साहिब, ७**

गिआन खंड महि गिआनु परचंडु ॥
तिथै नाद बिनोद कोड अनंदु ॥
सरम खंड की बाणी रूपु ॥
तिथै घाड़ति घड़ीऐ बहुतु अनूपु ॥
ता कीआ गला कथीआ ना जाहि ॥
जे को कहै पिछै पछुताइ ॥
तिथै घड़ीऐ सुरति मति मनि बुधि ॥
तिथै घड़ीऐ सुरा सिधा की सुधि ॥३६॥

**सार:** प्राणी कुछ अंतर्निहित ज्ञान के साथ पैदा होते हैं और बाक़ी ज्ञान अर्जित कर लिया जाता है। शिक्षा अपने आप में पर्याप्त नहीं है, लाभ तब मिलता है जब विचार और सिद्धांत को व्यावहारिक तौर से लागू करने और आलोचनात्मक सोच को इस के साथ पूरा किया जाता है। सभी के परोपकार के लिए सैद्धांतिक शिक्षा से व्यावहारिक अभ्यास तक के इस विकास को विवेक कहा जाता है - ज्ञान का उच्चतम रूप, एक कुशल धनुर्धर की अवस्था की तरह है,जो धनुष की डोरी को अपने करीब खींचता है ताकि तीर को लक्ष्य पर छोड़ा जा सके और आत्म- निरिक्षण की प्रक्रिया का अभ्यास निरंतर चलता रह सके।

गिआन खंड महि गिआनु परचंडु ॥
ज्ञान के खंड में, आध्यात्मिक विवेक सर्वोच्च है।

तिथै नाद बिनोद कोड अनंदु ॥
इस खंड में असंख्य रचनाएँ, आनंद और लाखों अनंत खुशियों से गूंजती हैं।

सरम खंड की बाणी रूपु ॥

विनम्रता के खंड में सृष्टि के सभी रूप सुंदर हैं।

तिथै घाड़ति घड़ीऐ बहुतु अनूपु ॥

इस खंड में रचनाकार अनेक अतुलनीय रूपों का सृजन करते हैं।

ता कीआ गला कथीआ ना जाहि ॥

रचनाकार की रचना की विविधता का वर्णन नहीं किया जा सकता।

जे को कहै पिछै पछुताइ ॥

जो लोग वर्णन करने का प्रयास करते हैं उन्हें अपनी कोशिश पर पछतावा होता है।

तिथै घड़ीऐ सुरति मति मनि बुधि ॥

इस खंड में चेतना, बुद्धि, और मन को ढाला जाता है।

तिथै घड़ीऐ सुरा सिधा की सुधि ॥३६॥

इस खंड में निर्भयता प्राप्त होती है और सार्वभौमिक शक्तियों का एहसास होता है। (३६)

**तत्त्व:** गुरु नानक ने जागरूकता की विभिन्न अवस्थाओं का उल्लेख किया है, जो अस्तित्व के उद्देश्य को समझने के लिए एक प्रभावी तरीका हो सकता है। उनका कहना है कि आध्यात्मिक विवेक की मात्रा जीवन के विशाल संज्ञानात्मक अनुभव के चरम पर है। यह विनम्रता के खंड को खोलता है, जो स्वीकार करता है कि सृजन का हर रूप, बड़े पहाड़ों से लेकर छोटे जीवों तक, मूल रूप से उल्लेखनीय सुंदरता पर बैठता है जो स्वीकृति और सम्मान के योग्य है।

---

सबद व्याख्या **विनइंदर कौर** और **अमरदीप सिंह**

**Oneness In Diversity Research Foundation**

**वेबसाइट:** [OnenessInDiversity.com](OnenessInDiversity.com)

**ईमेल: onenessindiversityfoundation@gmail.com**